अमर उजाला

## Harda News: नकली खाद का जखीरा किया जब्त, खाद की किल्लत का फायदा उठा किसानों को बेच रहे थे



मध्य प्रदेश में इन दिनों जहां एक ओर कई जिलों में किसानों को खाद की कमी झेलना पड़ रही है, तो वहीं इसका फायदा उठाते हुए कुछ व्यपारी मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में नकली खाद भी किसानों को बेच कर उनके साथ ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रदेश के हरदा जिले में सामने आया है, जहां जिला प्रशासन की टीम ने एक मकान में छापामार कार्रवाई करते हुए, खिरकिया के किसान मोहल्ला निवासी रमेश कुमार विश्वकर्मा के मकान एवं गोदाम से बड़ी संख्या में नकली खाद बरामद किया है।

बताया जा रहा है कि कृषि एवं राजस्व विभाग के दल ने रमेश कुमार के घर दबुश देकर वहां से किसान सरदार कंपनी के अवैध भंडारण कर रखे हुए उर्वरक के 326 बैग जब्त किये हैं, जिनकी कुल मात्रा 16.3 मीट्रिक टन है। इस पूरे मामले में सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल ने बताया कि फास्फेट रिच आर्गेनिक खाद के इस अवैध भंडारण को जब्त कर सचिव कृषि उपज मण्डी खिरकिया के गोदाम में सुरक्षित रखवाया गया है। इसके साथ ही जब्त उर्वरक का सैंपल लेकर परीक्षण के लिये प्रयोगशाला में भेजा जाएगा । बता दें कि इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया सहित तहसीलदार खिरकिया राजेन्द्र पंवार के साथ ही राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

Source: https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/harda/selling-fake-fertilizers-to-farmers-taking-advantage-of-the-shortage-of-fertilizers-was-seized-harda-news-c-1-1-noi1224-2196099-2024-10-09